BSNL Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	हिन्दुस्तान	Page No:	10
Place:	नई दिल्ली	Date:	13/5/2016

बीएसएनएल की छवि बदलें अधिकारी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

दूरसंचार मंत्री मनोज सिन्हा ने बीएसएनएल के अधिकारियों को ग्राहकों के मन में कंपनी के प्रति बन चुकी नकारात्मक छवि बदलने की नसीहत दी। वह कंपनी के दिल्ली हेडक्वार्टर में फील्ड ऑफिसर्स की एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

मनोज सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में कंपनी के लिए अवसरों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि 2जी, 3जी और 4जी के कई टेंडर फाइनल हो चुके हैं। बीएसएनएल का मार्केट शेयर भी 7.6 से बढ़कर 9.43 फीसदी हो गया है जो सराहनीय है। स्मार्ट सिटी के लिए भी बीएसएनएल को 150 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलॉट हुए हैं। वहीं टेलीकॉम सचिव अरुणा सुंदराजन ने बीएसएनएल के काम काज में नयापन और तेजी लाने की बात कही। उन्होंने साफ कहा कि सरकार का लक्ष्य पॉलिसी के तहत 2022 तक सभी नागरिकों को ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ना है।

संबोधन

- कंपनी के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है
- 2जी, 3जी और 4जी के कई टेंडर फाइनल हो चुके हैं